कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
Email id: nodalfca.forest@uk.gov.in Phone/Fax: 01352767611

संख्याः– 1907 /12–1 देहरादूनःदिनॉक 27 जनवरी, 2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– पिथौरागढ़ के अन्तर्गत मूनाकोट में माड मर्सोली मोटर मार्ग का संगट्टा तक विस्तार कार्य के निर्माण हेतु 0.95 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। **(Online No. FP/UK/ROAD/144679/2021)**

संदर्भः– आपका पत्रांक 1629/12–1(2) दिनांक 03.01.2025.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगतनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण में भारत सरकार द्वारा कतिपय बिन्दओं पर सूचना चाही गयी थी, जिनकी सूचना आपके द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके संदर्भित पत्र एवं पत्र के साथ संलग्न प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ के पत्र दिनांक 26–12–2024 में प्रश्नगत प्रकरण के विषय में उक्त भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है, जबकि प्रश्नगत प्रकरण में भूमि का प्रत्यावर्तन लोक निर्माण विभाग को किया जाना है, जिससे प्रकरण में विरोधाभाष उत्पन्न हो रहा है। उक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुये आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रेषित निराकरण आख्या के बिन्दु संख्या 4 की सूचना ऑनलाईन भी अपलोड की जानी अपेक्षित है।

अतः प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुये वांछित बिन्दुवार सूचना ऑनलाईन/ऑफलाईन शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके।

भवदीय,

(आर0के मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्याः– 1907 / 12–1 तद्दिनॉकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।
2– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़।

(आर0के मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी
वन संरक्षण, देहरादून।